IIM के स्टूडेंट्स ने गांव जाकर महिलाओं से पानी बचाने और सेनेटरी पैड के फायदे बताए

आमदनी, रोजगार और गर्वमेंट पॉलिसी के बारे में भी लोगों से बात की

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची के स्टूडेंट्स उन्नत भारत अभियान के तहत अनगड़ा स्थित रासाबेड़ा गांव पहुंचे। इसमें विभिन्न डिर्पाटमेंट के 70 से ज्यादा स्टूडेंट शामिल रहे। जिन्होंने गांव में रह रहे परिवारों के बीच जा कर सर्वे किया। साथ ही ग्रामीणों को अवेयर भी किया गया। सबसे पहले स्टूडेंट्स ने ग्रुप बना कर घरों में जा कर उनकी पारिवारिक स्थिति, आमदनी, रोजगार के साधन, कितने गर्वमेंट पॉलिसी के बारे में जानकारी है आदि विषयों पर सर्वे किया, ताकि उनके विकास के लिए काम किया सके। इसके बाद गांव के लोगों को गवर्नमेंट पॉलिसी के बारे में बताया गया। साथ ही वाटर कंजर्वेशन, रोजगार के अवसर, शिक्षा आदि को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान एक बेसिक मेडिकल चेकअप कैंप भी लगाया गया। उस गांव में कई सालों से काम कर रहे मंगेश झा और शशांक सिंह ने उनको गाइड किया। आईआईएम के स्टूडेंट्स ने महिलाओं को मेंस्टुअल साइकिल से संबंधित जानकारी दी व इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया। उन्हें पीरियड के दौरान सेनेटरी पैड्स इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा कई गेम्स भी आयोजित किए गए।

Dainik Bhaskar_03.02.2019_Pg. 1 (supl.)